# POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

## सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 07.08.2025

**1. थाना सेक्टर-20 पुलिस द्वारा चैन चोरी करने वाली 02 महिला अभियुक्ता गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की गयी चैन को बेचकर प्राप्त रुपयो मे से एक लाख एक हजार पाँच सौ चालीस (1,01,540/-)रुपए नकद बरामद।**

**घटना का विवरण--** दिनांक 01.08.2025 को अभियुक्ताओं द्वारा ई रिक्शा में बैठकर एक बुजुर्ग व्यक्ति के गले की चैन चोरी की थी। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 227/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

**कार्यवाही का विवरण-- थाना सेक्टर-20 पुलिस** द्वारा दिनांक **07.08.2025** को चैन चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाली 02 महिला अभियुक्ता (1) रामा उर्फ सुनीता पत्नी राजेश (2) लीलावती पत्नी राजेन्द्र को सेक्टर 26 से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्ताओ के कब्जे से चोरी की गयी चैन को बेचकर प्राप्त हुए पैसो मे से अभि0 रामा के कब्जे कुल 51,200/- (इक्यावन हजार दो सौ) रुपए, व दूसरी महिला लीलावती के कब्जे से कुल 50,340/- (पचास हजार तीन सौ चालीस) रुपए कुल एक लाख एक हजार पाँच सौ चालीस (1,01,540/-)रुपए बरामद हुए।

**अपराध करने का तरीका--** दोनो अभियुक्ता ई रिक्शा मे बैठे वरिष्ठ नागरिको व महिलाओ को निशाना बनाकर सवारी के रुप मे उनके साथ ई रिक्शा मे बैठकर मौका देखकर उनके आभूषण व पर्स आदि चोरी कर मौका देखकर ई रिक्शा से उतरकर फरार हो जाती थी तथा महिलाएं अपने साथ छोटे बच्चे भी रखती है ताकि कोई उन पर शक भी न कर सके।

**गिरफ्तार अभियुक्ताओं का विवरण--**

1. रामा उर्फ सुनीता पत्नी राजेश निवासी ग्राम निराहवली थाना- छांयसा जिला फरीदाबाद व उम्र 53 वर्ष
2. लीलावती पत्नी राजेन्द्र हाल नि0- ग्राम निराहवली थाना- छांयसा जिला फरीदाबाद हरियाणा व मूल नि0- ग्राम घेघोली जिला अलवर राजस्थान व उम्र 40 वर्ष

**आपराधिक इतिहास--**

- **अभियुक्ता रामा उर्फ सुनीता--**

1. मु0अ0सं0 199/2024 धारा 379/411 भादवि थाना सैक्टर 39 नोएडा गौतमबुद्धनगर
2. मु0अ0सं0 227/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना सेक्टर-20 नोएडा गौतमबुद्धनगर

- **अभियुक्ता लीलावती--**

1. मु0अ0सं0 227/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना सेक्टर-20 नोएडा गौतमबुद्धनगर

**बरामदगी का विवरण--**

एक लाख एक हजार पाँच सौ चालीस (1,01,540/-)रुपए नकद।

**2. थाना सेक्टर-58 नोएडा पुलिस द्वारा दो पहिया वाहन चोरी करने वाला एक चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल व एक अवैध चाकू बरामद।**

**कार्यवाही का विवरण--** दिनांक **07.08.2025** को **थाना थाना सेक्टर-58** नोएडा पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना की सहायता से दो पहिया वाहन चोरी करने वाला एक चोर सन्नी उर्फ आदि पुत्र संजय को छोटा डी पार्क के पास सेक्टर-62, नोएडा से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल रजि0 नं0 बीआर04एडब्लू-4923 व एक अवैध चाकू बरामद हुआ है।

**पूछताछ का विवरण--** अभियुक्त सन्नी उर्फ आदि पुत्र संजय ने पूछताछ के दौरान बताया कि यह मोटरसाइकिल उसके द्वारा अपने साथी के साथ मिलकर ग्राम रसूलपुर नवादा, सेक्टर-62, नोएडा से दिनांक 28.07.2025 को चोरी की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना सेक्टर-58, नोएडा पर मु0अ0सं0-278/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत है। अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो पूर्व में भी अभियुक्त व उसका साथी वाहन चोरी के मामले में जेल जा चुका है। अभियुक्त के साथी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

**अभियुक्त का विवरण--**

सन्नी उर्फ आदि पुत्र संजय निवासी ग्राम मथना थाना लगली जिला अमरोहा वर्तमान पता सी ब्लाक जू फर्स्ट कासना ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्धनगर उम्र 21 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण--**

1. एक मोटरसाइकिल रजि0 नं0 बीआर04एडब्लू-4923 (सम्बन्धित मु0अ0सं0-278/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना सेक्टर-58, नोएडा)
2. एक चाकू

**पंजीकृत अभियोग/आपराधिक इतिहास का विवरण--**

1. मु0अ0सं0-282/2025 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना सेक्टर-58, नोएडा।
2. मु0अ0सं0-278/25 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस थाना सेक्टर-58, नोएडा।
3. मु0अ0सं0-226/2023 धारा 392, 411 भादवि थाना सेक्टर-113, नोएडा।
4. मु0अ0सं0-138/2025 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस थाना सेक्टर-58, नोएडा।
5. मु0अ0सं0-129/2023 धारा 392 भादवि थाना सेक्टर-58, नोएडा।
6. मु0अ0सं0-188/2023 धारा 392 भादवि थाना सेक्टर-58, नोएडा।
7. मु0अ0सं0-238/2023 धारा 392, 411 भादवि थाना सेक्टर-58, नोएडा।
8. मु0अ0सं0-239/2023 धारा 414 भादवि थाना सेक्टर-58, नोएडा।